

## विराट ने अनुष्का संग ट्वीट की तस्वीर, कैप्शन में लिखा- जीवन के सफर में साथ-साथ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली बांग्लादेश से सीरीज खत्म होने के बाद कुछ रिलेक्स के मूड में हैं। इस दौरान वह अपने फैन्स को बिल्कुल नहीं भूले हैं। बुधवार को उन्होंने फैन्स के साथ अपनी और पत्नी अनुष्का की एक बेहद खूबसूरत तस्वीर पोस्ट की है। ज्यादातर मौकों पर अपनी तस्वीरों पर कैप्शन न लिखने वाले विराट ने इस बार इस तस्वीर पर कैप्शन भी दिया है-जीवन के सफर में एक साथ चल रहे हैं, जिसमें हमारे पास कुछ नहीं बस प्यार है। विराट ने यह तस्वीर अनुष्का शर्मा को टैग करते हुए इस पर एक दिल वाला इमोजी भी बनाया है। विराट की यह तस्वीर सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है। अभी तक 50 हजार से ज्यादा लोग इस तस्वीर को लाइक कर चुके हैं। विराट ने अपने इस टूर की ही एक तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में विराट और अनुष्का किसी पहाड़ी रास्ते से नीचे उतर रहे हैं।

# संन्यास या वापसी? जवाब में बोले धोनी- जनवरी तक मत पूछो

**क्रिकेट**

ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप में धोनी को खेलते देखना चाहते हैं फैन्स

## वर्ल्ड कप 2019 के बाद से कोई भी इंटरनैशनल मैच नहीं खेले हैं एमएस धोनी



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेंगे या फिर वह मैदान पर वापसी करेंगे! अगर वापसी करेंगे तो आखिर कब? यह सवाल इन दिनों भारतीय क्रिकेट में खूब चर्चा में है। धोनी की वापसी पर कभी टीम के कोच रवि शास्त्री अभी और इंतजार की बात कहते हैं तो कभी मुख्य चयनकर्ता एमएसके प्रसाद कहते हैं कि वह धोनी से आगे का सोच रहे हैं। लेकिन बुधवार को जब धोनी से उनके इस लंबे आराम पर जवाब मांगा गया तो महेंद्र सिंह धोनी ने कहा, इसस पर उनसे जनवरी तक कुछ मत पूछो। एमएस धोनी ने अपना आखिरी इंटरनैशनल मैच 2019 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में खेला था। टीम इंडिया यह मैच हारकर टूर्नमेंट से बाहर हो गई और इसके बाद से महेंद्र सिंह धोनी करीब 4 महीने से ब्रेक पर हैं। वर्ल्ड कप के बाद से ही उनके संन्यास को लेकर अटकलबाजियां लगाई जा रही हैं। यहां एक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पहुंचे धोनी से जब पूछा गया कि वह कब तक क्रिकेट से बाहर रहेंगे? इसके जवाब में उन्होंने कहा, श्जनवरी तक मत पूछो।श इससे पहले इस पूर्व कप्तान के एक करीबी सूत्र ने मंगलवार को कहा था कि वह अगले साल इंडियन प्रीमियर लीग के बाद अपने भविष्य को लेकर फैसला करेंगे। वर्ल्ड कप के बाद से ही धोनी वेस्ट इंडीज दौरे पर नहीं गए और इसके बाद साउथ अफ्रीका और बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू सीरीज में भी वह नहीं खेले। इसके बाद टीम इंडिया को अब वेस्ट इंडीज के खिलाफ 6 दिसंबर से शुरू होने वाली सीमित ओवरों की सीरीज खेलनी है। लेकिन इस सीनियर विकेटकीपर बल्लेबाज का नाम इस सीरीज में भी नहीं है। इस सीरीज में तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय और इतने ही वनडे खेले जाएंगे।

राष्ट्रीय चयनसमिति के अध्यक्ष एमएसके प्रसाद पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि पैनल अब भविष्य के बारे में सोच रहा है। धोनी ऑस्ट्रेलिया में अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए ऋषभ पंत जैसे युवा खिलाड़ियों को अधिक मौके देने के उनके इरादों से वाकिफ हैं। धोनी को कुछ दिन पहले झारखंड अंडर-23 टीम के साथ अभ्यास करते हुए देखा गया था, जिसके बाद उनकी संभावित वापसी की अटकलें तेज हो गई थीं। बीसीसीआई अध्यक्ष सौरभ गांगुली ने भी कहा है कि धोनी को वही सम्मान दिया जाएगा, जिसका उन जैसा दिग्गज खिलाड़ी हकदार है।

# एशियाई तीरंदाजी चौंपियनशिप में अभिषेक-ज्योति की जोड़ी ने जीता गोल्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



बैंकाक। अभिषेक वर्मा और ज्योति सुरेख वेन्नाम की मिश्रित युगल भारतीय जोड़ी ने 21वें एशियाई तीरंदाजी चौंपियनशिप में बुधवार को यहां कंपाउंड स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया, जिससे देश कुल पदकों की सात पदकों के साथ अपने अभियान को समाप्त किया। वर्मा और ज्योति की जोड़ी ने चीनी ताइपे की यि-ह्सुआन चेन और चीह-लुह चेन की जोड़ी को 158-151 से हरा का भारत के लिए पहला सोने का तमगा जीता। टूर्नमेंट में भारत ने एक स्वर्ण, दो रजत के साथ चार कांस्य पदक हासिल किए।

इससे पहले वर्मा टीम स्पर्धा में सटीक निशाना लगाने से चूक गए, जिससे भारतीय टीम को कोरिया के खिलाफ एक अंक से हार कर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। कोरिया ने यह मुकाबला 233-232 के अंतर से जीता। वर्मा ने कहा, श्तेज हवा के कारण परिस्थितियां थोड़ी मुश्किल थीं लेकिन हमारे पास स्वर्ण जीतने का यह आखिरी मौका था। हम इसमें सफल हुए। यह पूरी टीम के लिए सकारात्मक संकेत है। ज्योति ने कहा, मैं इस स्कोर से खुश हूं। इससे पहले के मैचों में भी हम ने निरंतर प्रदर्शन किया है।श पुरुष टीम स्पर्धा में शीर्ष वरीय वर्मा, रजत चौहान और मोहन भारद्वाज की भारतीय तिकड़ी ने पहले दौर में 58 अंक बनाए।

कोरिया के जेइवॉन यांग, यांगही चोइ और ईयून-क्यू चोई ने भी इतने ही अंक बनाए। दूसरे दौर में कोरियाई टीम ने भारतीय टीम से एक अंक की बढ़त हासिल की। भारतीय खिलाड़ियों को तीसरे दौर के आखिरी तीन निशाने 9-9 अंक का लगाए, जो टीम को भारी पड़ा और कोरियाई टीम ने तीन अंक की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली।

## सचिन ने फिर किया साफ, ट्विटर पर नहीं बेटा अर्जुन और बेटी सारा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंडुलकर ने एक बार फिर साफ किया है कि सोशल मीडिया साइट ट्विटर पर उनके बेटे अर्जुन और बेटी सारा नहीं हैं। युवा क्रिकेटर अर्जुन और सारा के नाम से ट्विटर पर काफी अकाउंट बने हैं, लेकिन सचिन ने कहा है कि सभी फर्जी हैं। इतना ही नहीं, सचिन ने एक ट्विटर हैंडल को टैग करते हुए उसके खिलाफ कार्रवाई करने की भी अपील की है। सचिन ने जिस अकाउंट को टैग किया, उसे अर्जुन तेंडुलकर का आधिकारिक अकाउंट बताया गया है। साथ ही उसके बायो में ऑफिशल, लेफ्ट आर्म मीडियम पेसर, सन ऑफ गॉड लिखा है। सचिन ने लिखा, मैं साफ कर देना चाहता हूं कि मेरा बेटा अर्जुन और बेटी सारा ट्विटर पर नहीं हैं। यह अकाउंट (ट्विटर हैंडल) अर्जुन को गलत तरीके से अभिव्यक्त कर रहा है और हस्तियों तथा संस्थानों के बारे में गलत चीजें पोस्ट कर रहा है। मैं ट्विटर से आग्रह करता हूं कि इसके खिलाफ जल्द से जल्द कार्रवाई की जाए। इससे पहले भी सचिन ने यह बताया था कि उनके बेटे अर्जुन और बेटी सारा ट्विटर पर नहीं हैं। वहीं, 22 साल की सारा ने हाल में लंदन से अपनी पढ़ाई पूरी की है।

## न्यूज डायरी



### मयंक अग्रवाल ने ट्विटर पर पोस्ट किया दादा-दादी संग फोटो

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टीम इंडिया के टेस्ट ओपनिंग बल्लेबाज मयंक अग्रवाल का बैट इन दिनों जमकर रन बरसा रहा है। बांग्लादेश के खिलाफ 2 टेस्ट की सीरीज खेलकर मयंक अब ब्रेक पर हैं और अपने घर लौट आए हैं। बुधवार को मयंक ने अपने दादा-दादी के साथ दो तस्वीरें पोस्ट कीं। इन तस्वीरों में मयंक अपने दादा-दादी के साथ मॉर्निंग वॉक कर रहे हैं। इन प्यारी तस्वीरों ने फैन्स का दिल छू लिया है और फैन्स इस शानदार काम के लिए उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। अपने दादा-दादी के साथ तस्वीरें पोस्ट करते हुए मयंक ने लिखा, श्20 साल पहले, जब हम अपने घर पर आए, तो मेरे दादाजी मुझे इस वॉक पर लेकर आए थे। आज भी, अपने हर टूर के बाद, जब भी मैं लौटता हूं तो यह सिलसिला जारी है।

### श्रीकांत दूसरे दौर में, कश्यप और लक्ष्य को मिला वॉकओवर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लखनऊ। तीसरी वरीयता प्राप्त किदांबी श्रीकांत ने रूस के व्लादीमिर मालकोव को सीधे गेमों में हराकर सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन टूर्नमेंट के दूसरे राउंड में जगह बना ली। श्रीकांत ने 36 मिनट तक चले मुकाबले में 21-12, 21-11 से जीत दर्ज की। वहीं पारूपल्ली कश्यप को फ्रांस के लुकास कोरवी के खिलाफ वॉकओवर मिला। पिछले सप्ताह स्कॉटिश ओपन जीतने वाले 18 बरस के लक्ष्य सेन को भी फ्रांस के थॉमस राउक्सेल पर वॉकओवर मिला। महिला वर्ग में अश्मिता चालिहा ने वृशाली गुम्माडी को 21-16, 21-16 से हराया। खराब फॉर्म से जूझ रहीं 3 बार की चौंपियन साइना नेहवाल इस टूर्नमेंट से आखिरी क्षणों में हट गईं थी।

### ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट के चयनकर्ता बने जॉर्ज बैली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टी20 कप्तान जॉर्ज बैली को ग्रेग चैपल की जगह तीन सदस्यीय राष्ट्रीय क्रिकेट चयन समिति में चुना गया। समिति में ट्रेवर हॉस और कोच जस्टिन लैंगर भी हैं। बेली ने कहा, श्मैं खुशकिस्मत हूं कि इतने साल बतौर खिलाड़ी योगदान दे सका। अब मेरे पास चयनकर्ता के रूप में योगदान देने का मौका है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए 5 टेस्ट, 90 वनडे और 30 टी20 मैच खेले हैं। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में वह तस्मानिया, हॉबर्ट हरिकेंस और मेलबर्न स्टार्स के लिए खेले। बैली की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया ने 2012 में श्रीलंका में खेले गए टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल तक का सफर किया था।

### टीम से बाहर होने पर नेगेटिव विचारों को दूर नहीं रख सकतेः उमेश यादव

नई दिल्ली। उमेश यादव को पता है कि भारतीय तेज बोलिंग के आक्रमण में चल रही कड़ी प्रतिस्पर्धा में मौका मिलना आसान नहीं है। लेकिन इसके बावजूद उन्होंने कहा कि टीम से बाहर होने पर नकारात्मक विचारों और बोरियत से पार पाना मुश्किल होता है। मैं क्यों नहीं खेल रहा हूं? क्या हो रहा है? खुद को पॉजिटिव बनाए रखना, कड़ी मेहनत करना और खुद को तैयार रखना मुश्किल होता है।

### नॉर्दन प्रोविन्स के गवर्नर नियुक्त होंगे मुथैया मुरलीधरन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलंबो। श्रीलंका के दिग्गज स्पिनर मुथैया मुरलीधरन जल्द ही देश के तमिल बहुल क्षेत्र नॉर्दन प्रोविन्स के गवर्नर के रूप में एक अलग तरह की पारी शुरू कर सकते हैं। मीडिया की बुधवार की रिपोर्टों के अनुसार श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने उन्हें इस पद को स्वीकार करने के लिए निजी तौर पर निमंत्रण भेजा है। टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक 800 विकेट लेने वाले 47 वर्षीय मुरलीधरन उन तीन नए गवर्नर में शामिल हैं, जिनको राजपक्षे ने इस पद के लिए चुना है। सूत्रों के हवाले से कहा, राष्ट्रपति गोटवाया राजपक्षे ने मुरलीधरन को नॉर्दन प्रोविन्स का गवर्नर पद संभालने के लिए निजी तौर पर आमंत्रित किया है।